तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश, उत्तराखंड – २४९२०२
## KENDRIYA VIDYALAYA RISHIKESH, UTTARAKHAND - 249202

सी०बी०एस०ई० संबद्धता सं०/CBSE Affiliation No : 3500034 विद्यालय कोड /School Code: 84070
वेबसाइट/Website: https://rishikesh.kvs.ac.in ई-मेल/Email: kvrishikesh.ppl@gmail.com
दूरभाष सं० / Phone No : 0135 – 2973317

F-1392350/L&B/2022-23/KVR / 150 दिनांक: 23 सितम्बर, 2022

सेवा में ,

प्रभागीय वन अधिकारी

वन प्रभाग , देहरादून

विषय :- जनपद देहरादून वन प्रभाग के अंतर्ग्रत ऋषिकेश स्थित आई० डी० पी० एल०(वीरभद्र ) परिसर कक्ष संख्या -1 में पूर्व से चल रहे केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 2.41 हे० वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में ! (online no. FP/UK/SCH/40755/2019)

सन्दर्भ :- पत्रांक संख्या 269/12-1 दिंनाक :- 21 जुलाई 2022

महोदय ,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा माननीय वन मंत्री उत्तराखण्ड सरकार को प्रेषित पत्र संख्या .फ.बिल्डिंग/ऋषिकेश/2022-केविएस(डीडीआर)प्रशा./7212 )दिंनाक 05/08/2022 के सम्बन्ध में माननीय वन मंत्री उत्तराखण्ड सरकार से दूरभाषः पर आपके साथ हुए वार्तालाप के आधार पर केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश के लिए वर्तमान में आई० डी० पी० एल०(वीरभद्र परिसर में चल रहे विद्यालय ) भूमि हस्तांतरण हेतु आवेदन (online no. FP/UK/SCH/40755/2019) प्रस्ताव को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार को भेजने हेतु आपसे अनुरोध है|

लगभग 1100 छात्र - छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आपसे इस आवेदन पर पुनः विचार का विनम्रतापूर्वक अनुरोध विद्यालय प्रशासन करता है !

धन्यवाद

सुधा गुप्ता

सुधा गुप्ता

(प्राचार्या)

संलग्न:-माननीय वन मंत्री उत्तराखंड को प्रेषित पत्र

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
(शिक्षामंत्रालय, भारतसरकार के अधीनस्वायत्त निकाय)
क्षेत्रीय कार्यालय देहरादूनसंभाग
सालावाला, हाथीबड़कला, देहरादून(उत्तराखण्ड)
वेबसाइट-https://rodehradun.kvs.gov.in
दूरभाष 0135-2749510 (DC)/2743192 (AC
2746371 (AO)

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(An Autonomous Body under Ministry of Education, GOI)
Regional Office, Dehradun Region
Salawala, Hathibarkala, Dehradun (UK)
Website - https://rodehradun.kvs.gov.in
Tele0135-2749510 (DC)/2743192 (AC)/
2746371 (AO)

E-Mail: ackvsroddr@gmail.com, acacadkvsroddr@gmail.com, aokvsroddr@gmail.com, aaokvsroddr@gmail.com

फ़ ० बिल्डिंग/ऋषिकेश/2022-केविएस(डीडीआर) प्रशा०/ 7210

दिनांक 05.08.2022

माननीय वन मंत्री
उत्तराखंड शासन

विषय: जनपद देहरादून में देहरादून वन प्रभाग के अंतर्गत ऋषिकेश के आई०डी०पी०एल०(वीरभद्र) परिसर कक्ष संख्या [illegible] में पूर्व [illegible] रहे केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 2.41 है० वन भूमि हस्तांतरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश की स्थापना 1978 में प्रोजेक्ट विद्यालय के रूप में क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से IDPL प्रशासन की मांग पर की गई थी। सन 2000 में IDPL कि वित्तीय स्थिति ठीक न होने के कारण इसे बंद करने के उपरांत वर्ष 2003 में जन आन्दोलन एवं जनता की मांग पर सिविल सेक्टर में पुनः आरंभ किया गया था।

उस समय जिला प्रशासन द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन को IDPL परिसर में अस्थाई भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई थीं। इस क्षेत्र के इस प्रतिष्ठित विद्यालय से अब तक हजारों विद्यार्थिओं ने शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त कर देश का गौरव बढाया है।

महोदय 1978 से स्थापित इस विद्यालय को बच्चों के सर्वांगीन विकास हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार एक स्थाई भूखंड की आवश्यकता है, जिसमें एक स्थाई भवन का निर्माण कर बच्चे को आधुनिक सुविधा जनक शिक्षा दी जा सके परन्तु विद्यालय खुलने के इतने वर्षों के बाद भी केंद्रीय विद्यालय संगठन को राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध न करवाने के कारण जीर्ण शीर्ण भवन में अब तक केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

इस विद्यालय के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव समय समय पर विद्यालय प्रशासन द्वारा शासन को भेजे गए परन्तु विभिन बिन्दुओं का हवाला देकर इस विद्यालय को भूमि हस्तांतरण करने में प्रशासन ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया।

महोदय वर्तमान में भूमि हस्तांतरण के सन्दर्भ में प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून वन प्रभाग देहरादून के पत्रांक 269/12-1 देहरादून दिनांक 21.07.2022 (प्रति संलग्न) के द्वारा मुख्य सचिव उत्तराखंड की अध्यक्षता में दिनांक 28.03.2022 को संपन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार बिंदु संख्या 04 में वर्णित IDPL द्वारा किसी अन्य विभाग को अपने स्तर से भूमि अथवा भवन आवंटित किया गया हो, तो उक्त विभाग को भूमि/भवन खाली करने हेतु विधिक नोटिस भेजना सुनिश्चित करें तथा उक्त के खाली हो जाने के पश्चात वन विभाग को हस्तांतरित करें।

महोदय 1978 के बाद से लेकर अब तक कई बार भूमि हस्तांतरण के प्रयास किये जा चुके हैं परन्तु हस्तांतरण की प्रक्रिया को हमेशा विलंबित किया जाता रहा है। वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये भवन में यह विद्यालय जीर्ण-शीर्ण भवन में संचालित हो रहा है जिसे इस अवस्था में जारी रखना केंद्रीय विद्यालय संगठन के लिए संभव नहीं है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश को मुख्य सचिव कि अध्यक्षता में संपन्न बैठक के बिंदु संख्या 04 में शिक्षण संस्थान के हित में शिथिलता बरतते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लेकर उक्त भूमि/भवन को केंद्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में हस्तांतरित करवाने की कृपा करें, ताकि इस स्थान पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश में स्थायी भवन का निर्माण कराया जा सके, और जन-हित में विद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं की पढाई में असुविधा/अवरोध उत्पन न हो।

भवदीया

(मीनाक्षी जैन)
उपायुक्त

संलग्न: यथोपरि

प्रतिलिपि :
1- जिलाधिकारी महोदय देहरादून एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु।
2- प्राचार्या केंद्रीय विद्यालय ऋषिकेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु।

उपायुक्त